# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 जुलाई 2023, शुक्रवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा रामनाथपुरम, तमिलनाडु में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा की राज्यव्यापी "En Mann En Makkal" (मेरा देश, मेरे लोग) पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई जी के नेतृत्व में "En Mann En Makkal" यात्रा तमिल संस्कृति और तमिल गौरव का पुनर्जागरण तो करेगी ही, साथ में तमिलनाडु में और 2024 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में एक बार पुनः भारी बहुमत से एनडीए सरकार बनाएगी।**

****************************

**"En Mann En Makkal" यात्रा तमिल भाषा को पूरी दुनिया में पहुंचाने की यात्रा है, तमिल संस्कृति को कश्मीर से कन्याकुमारी और कोलकाता से सोमनाथ तक पहुंचाने की यात्रा है और महान तमिल संस्कृति को समग्र राष्ट्र के लोगों के मन में सम्मान पैदा करने की कवायद है।**

****************************

**यह यात्रा तमिलनाडु को भ्रष्टाचार और परिवारवाद से मुक्त करने की यात्रा है, तमिलनाडु के क़ानून और व्यवस्था को अच्छा बनाने का प्रयास है और तमिलनाडु में विकास एवं गरीब कल्याण का युग शुरू करने की यात्रा है।**

****************************

**मैं कांग्रेस और स्टालिन को कहना चाहता हूँ कि नाम बदलने से कुछ नहीं होता। जैसे ही जनता के सामने आप जाते हो तो जनता को टूजी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला, चॉपर स्कैम, सबमरीन घोटाला और इसरो घोटाला याद आता है।**

****************************

**विपक्ष की ये वही टोली है जिसने धारा 370 हटाने का विरोध किया था और आतंकवाद पर हुए सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक का भी विरोध किया था। इसी कांग्रेस के शासन में श्रीलंका में तमिलों का नरसंहार हुआ था। इनके समय में ही तमिल मछुआरों की दुर्दशा हुई। इसकी जिम्मेदार डीएमके और कांग्रेस पार्टी है।**

****************************

**देश में सबसे भ्रष्ट सरकार यदि कोई है तो वह तमिलनाडु की डीएमके सरकार है। डीएमके सरकार के एक मंत्री करोड़ों रुपये के घोटाले में जेल में हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जी को शर्म आनी चाहिए कि भ्रष्ट मंत्री के जेल में रहने के बावजूद उन्होंने उसे मंत्री पद पर बरकरार रखा है क्योंकि उन्हें डर है कि अगर इस्तीफा लिया तो वे उनके सारे राज, सारे सस्पेंस खोल देंगे।**

****************************

**हमारे नेता अन्नामलाई जी ने केवल एक ट्वीट किया और डीएमके सरकार की नींव हिल गई तथा करोड़ों रुपये के घोटाले वाली फ़ाइल, तमिलनाडु की साढ़े 8 करोड़ जनता के सामने आ गई। अब तो अन्नामलाई 10 हजार किमी से अधिक की यात्रा लेकर निकल पड़े हैं, अब डीएमके सरकार का क्या होगा?**

***********************

**डीएमके सरकार अवैध शराब माफियाओं की सरकार है, रेत माफियाओं की सरकार है, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन निगम के घोटाले वाली सरकार है। डीएमके सरकार गरीब विरोधी सरकार है।**

***********************

**स्टालिन ने सत्ता में आने से पहले अपने घोषणापत्र में 500 से अधिक वादे किये थे, क्या हुआ उन वादों का? वादे पूरे करने की जगह स्टालिन सरकार ने तमिलनाडु को शराब, नशीली दवा और गाँजों के व्यापार में डुबो दिया है।**

***********************

**विपक्ष का टोला भारत का विकास नहीं चाहता, वह केवल अपने परिवार का विकास चाहता है। सोनिया गाँधी अपने बेटे राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि को सीएम बनाना चाहते हैं, लालू यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता दीदी अपने भतीजे को सीएम बनाना चाहती हैं और उद्धव ठाकरे अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।**

***********************

**विपक्ष के लोग भारत और तमिलनाडु को एम्पावर नहीं करना चाहते बल्कि अपने बेटे-बेटी और भतीजे को एम्पावर करना चाहते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अकेले ऐसे नेता हैं जो दिन-रात भारत कल्याण की, तमिलनाडु को आगे बढ़ाने की बात सोचते हैं।**

***********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा की राजयव्यापी पदयात्रा “En Mann En Makkal” (मेरा देश, मेरे लोग) अभियान को रामेश्वरम बस स्टैंड, रामनाथपुरम (तमिलनाडु) से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह यात्रा छह महीने तक चलेगी और राज्य के सभी 39 लोक सभा क्षेत्रों और 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। यह अभियान पांच चरणों में चलेगा। 11 जनवरी, 2024 को इस पदयात्रा का समापन होगा। इस यात्रा में लगभग 10 हजार किमी की यात्रा वाहन से और लगभग 700 किमी पदयात्रा की जायेगी। इस यात्रा के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी केंद्र की भाजपा-नीत एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा जाएगा। साथ ही ‘What did Modi Do’ नामक उपलब्धि पुस्तिका की लगभग एक लाख प्रतियां भी वितरित की जाएंगी। यात्रा के दौरान 10 प्रमुख रैलियों कई छोटी-छोटी सभाएं भी आयोजित होगी। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री श्री एल मुरुगन, एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता श्री आरबी उदयकुमार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री सीटी रवि, तमिलनाडु के प्रभारी श्री पी सुधाकर रेड्डी, न्यू जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष श्री एसी शनमुगम, तमिल मनीला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जी के वासन, आईएमकेएमके के अध्यक्ष श्री टी देवनाथन यादव, भाजपा की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानिती श्रीनिवासन, श्री पोन राधाकृष्णन और पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री नैनार नागेंद्रन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनता की भारी भीड़ उपस्थित थी। केंद्रीय गृह एवं सहकरारिता मंत्री जी ने ‘What did Modi Do’ पुस्तिका भी लॉन्च की।

श्री शाह ने विश्व की सबसे पुरातन और महान भाषा तमिल में न बोल पाने के लिए क्षमा याचना की और भारत की परंपरा, महान संस्कृति और धर्म एवं साझी विरासत की समागम स्थली रामेश्वरम की पवित्र धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि रामनाथ स्वामी के सान्निध्य से हमारे नेता अन्नामलाई यात्रा लेकर तमिलनाडु भर में पैदल चलने के लिए निकले हैं। **“एन मन, एन मक्कल” यात्रा केवल राजनीतिक नहीं बल्कि यह यात्रा तमिल भाषा को पूरी दुनिया में पहुंचाने की यात्रा है, तमिल संस्कृति को कश्मीर से कन्याकुमारी और कोलकाता से सोमनाथ तक पहुंचाने की यात्रा है और महान तमिल संस्कृति को समग्र राष्ट्र के लोगों के मन में सम्मान पैदा**

**करने की कवायद है। "एन मन, एन मक्कल यात्रा" तमिलनाडु को भ्रष्टाचार और परिवारवाद से मुक्त करने की यात्रा है, तमिलनाडु के क़ानून और व्यवस्था को अच्छा बनाने का प्रयास है और तमिलनाडु में विकास एवं गरीब कल्याण का युग शुरू करने की यात्रा है।** हमारे प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई जी इस यात्रा में राज्य के हर जिले, हर विधानसभा में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संदेश लेकर जाने वाले हैं और एमजी रामचंद्रन एवं महान जयललिता के गरीब कल्याण के मंत्र को गाँव-गाँव तक पहुंचाने वाले हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि "एन मन, एन मक्कल यात्रा" के माध्यम से हमारे प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई महान तमिल भाषा, महान तमिल संस्कृति, तमिल साम्राज्यों के इतिहास, देश की समृद्धि में तमिलनाडु के योगदान और प्रदेशवाद की जगह सबको साथ लेकर चलने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के राष्ट्रवाद को तमिलनाडु में प्रस्थापित करने जा रहे हैं।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा तमिल भाषा, तमिल संस्कृति और तमिल मनीषियों के उद्गारों को दुनिया के अनेक मंचों से दुनिया के सामने रखा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में विश्व की सबसे पुरानी भाषा तमिल में सबसे पहले बोलने वाले प्रधानमंत्री हमारे आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। समग्र दुनिया एक है - यह जी20 का उद्घोष वाक्य तमिलनाडु संस्कृति से है। यह समग्र विश्व के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा। अपनी फ़्रांस यात्रा के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने महान संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा के निर्माण की घोषणा की है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **तमिल भाषा के साथ-साथ देश के हर राज्य की भाषा को गौरव दिलाने के लिए 11 दिसंबर को राष्ट्रीय भाषा दिवस घोषित कर सुब्रह्मण्य भारती जी को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रद्धांजलि दी है। उत्तरी श्रीलंका में तमिल संस्कृति और इतिहास को संरक्षित करने के लिए लगभग 120 करोड़ रुपये खर्च कर जाफना सांस्कृतिक केंद्र की घोषणा की गई है। काशी तमिल संगमम और तमिल सौराष्ट्र संगमम से मिल संस्कृति को उत्तर और पश्चिम भारत में पहुंचाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। पापुआ न्यू गिनी में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने तिरक्कुरल का वहां की भाषा में भाषण करा कर वहां बसे हुए लोगों के लिए एक नई संस्कृति के जुड़ाव की शुरुआत की है। अभी-अभी नए पार्लियामेंट भवन के उद्घाटन में सेंगोल को स्थापित कर तमिल संस्कृति को संसद में सम्मान देने का महान कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बीते 9 वर्षों में जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और प्रदेशवाद की जगह पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉरमेंस को प्रतिष्ठित किया है। कांग्रेस की यूपीए सरकार 10 साल तक चली जिसमें डीएमके भी सहभागी थी, तब उस सरकार में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के घपले-घोटाले हुए। **मैं आज कांग्रेस और स्टालिन को कहना चाहता हूँ कि नाम बदलने से कुछ नहीं होता। जैसे ही जनता के सामने आप जाते हो तो जनता को टूजी घोटाला याद आता है, कॉमनवेल्थ घोटाला याद आता है, कोयला घोटाला याद आता है, चॉपर स्कैम याद आता है, सबमरीन घोटाला याद आता है और इसरो घोटाला भी याद आता है। विपक्ष की ये वही टोली है जिसने धारा 370 हटाने का विरोध किया था और आतंकवाद पर हुए सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक का भी विरोध किया था। आज मैं तमिलनाडु की जनता को ये भी याद कराने आया हूँ कि इसी कांग्रेस के शासन में श्रीलंका में तमिलों का नरसंहार हुआ था। इनके समय में ही तमिल मछुआरों की दुर्दशा हुई। इसकी जिम्मेदार डीएमके और कांग्रेस पार्टी है।**

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि **विपक्ष का जो टोला है, वह भारत का विकास नहीं करना चाहता है, वह केवल अपने परिवार का विकास करना चाहता है। सोनिया गाँधी अपने बेटे राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि को सीएम बनाना चाहते हैं, लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता दीदी अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को सीएम बनाना चाहती हैं और उद्धव ठाकरे अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ये लोग भारत और तमिलनाडु को एम्पावर नहीं करना चाहते बल्कि अपने बेटे-बेटी और भतीजे को एम्पावर करना चाहते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अकेले ऐसे नेता हैं जो दिन-रात भारत कल्याण की, तमिलनाडु को आगे बढ़ाने की बात सोचते हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **देश में सबसे भ्रष्ट सरकार यदि कोई है तो वह तमिलनाडु की डीएमके सरकार है। डीएमके सरकार के एक मंत्री करोड़ों रुपये के घोटाले में जेल में हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जी को शर्म आनी चाहिए कि भ्रष्ट मंत्री के जेल में रहने के बावजूद उन्होंने उसे मंत्री पद पर बरकरार रखा है।** जो जेल में भ्रष्टाचार की सजा काट रहा हो, क्या उसे मंत्री पद पर बनाये रखना चाहिए? **उसका इस्तीफा लेना चाहिए या नहीं? लेकिन, स्टालिन उस मंत्री का इस्तीफा नहीं ले सकते क्योंकि उन्हें डर है कि अगर इस्तीफा लिया तो वे उनके सारे राज, सारे सस्पेंस खोल देंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हमारे नेता अन्नामलाई जी ने केवल एक ट्वीट किया और डीएमके सरकार की नींव हिल गई तथा करोड़ों रुपये के घोटाले वाली फ़ाइल, तमिलनाडु की साढ़े 8 करोड़ जनता के सामने आ गई। अब एक ट्वीट से डीएमके सरकार की इतनी दुर्गति हो गई, अब तो अन्नामलाई 10 हजार किमी से अधिक की यात्रा लेकर निकल पड़े हैं, अब डीएमके सरकार का क्या होगा? डीएमके सरकार अवैध शराब माफियाओं की सरकार है, रेत माफियाओं की सरकार है, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन निगम के घोटाले वाली सरकार है। डीएमके सरकार गरीब विरोधी सरकार है। स्टालिन ने सत्ता में आने से पहले अपने घोषणापत्र में 500 से अधिक वादे किये थे, क्या हुआ उन वादों का? वादे पूरे करने की जगह स्टालिन सरकार ने समग्र तमिलनाडु को शराब, नशीली दवा और गाँजों के व्यापार में डुबो दिया है।**

श्री शाह ने कहा कि **जब केंद्र में कांग्रेस और डीएमके की यूपीए सरकार थी, तब 10 वर्षों में डिवॉल्यूशन ग्रांट के तहत तमिलनाडु को लगभग 9.49 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसका तीन गुना पैसा तमिलनाडु को दिया है। ग्रांट इन ऐड में भी श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने कांग्रेस-डीएमके की यूपीए सरकार की तुलना में साढ़े चार गुना अधिक पैसा दिया है लेकिन ये पैसा तमिलनाडु के गाँवों तक नहीं पहुंचा, यह डीएमके के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने तमिलनाडु को रोडवेज में लगभग 45 हजार करोड़ रुपये दिए, चेन्नई मेट्रो के लिए लगभग 73 हजार करोड़ रुपये दिए, रेलवे के विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपये दिए और दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। पीएलआई स्कीम के तहत तमिलनाडु में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग में हजारों करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट आया, डिफेंस कॉरिडोर के तहत भी तमिलनाडु में हजारों करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट आया। केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को 11 नए मेडिकल कॉलेज भी दिए हैं।**

श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा तमिलनाडु में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 46 लाख किसानों को हर साल 6,000 रुपये दिए जा रहे हैं, जल जीवन मिशन के तहत 86 लाख परिवारों को पानी का कनेक्शन दिया गया है, 1.85 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ दिया जा रहा है, लगभग 62 लाख परिवारों को शौचालय दिया गया है, लगभग 10 लाख परिवारों को हर महीने पांच-पांच किलो चावल मुफ्त दिया जा रहा है, लगभग 15 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत घर दिया गया और डीबीटी के माध्यम से राज्य के गरीबों के एकाउंट में लगभग 1.31 लाख करोड़ रुपये पहुंचाए गए। मैंने तो एनडीए सरकार के 9 साल के कामकाज का ब्यौरा तमिलनाडु की जनता को दे दिया लेकिन मैं स्टालिन जी से पूछना चाहता हूँ कि यूपीए की सरकार ने 10 साल में क्या किया था, इसका हिसाब जनता को कब देंगे?

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई जी के नेतृत्व में "एन मन, एन मक्कल" यात्रा तमिल संस्कृति और तमिल गौरव का पुनर्जागरण तो करेगी ही, साथ में तमिलनाडु में और 2024 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में एक बार पुनः भारी बहुमत से एनडीए सरकार बनाएगी।** मैं तमिलनाडु की जनता से आग्रह करता हूँ कि आप आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए के साथियों को सबसे अधिक वोट देकर तमिलनाडु में विजयी बनाइये।

***********************